शनिवार
34 साल से देहरादून का विश्वास
24 जनवरी 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 01
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# 34 साल... एक अखबार नहीं, एक संघर्ष

कभी कागज कम थे,
कभी स्याही उधार की थी,
कभी हालात खिलाफ थे –
लेकिन सच कभी रुका नहीं।

दून वैली मेल आज 34 साल का हो गया है।
यह सफर आसान नहीं था।
आर्थिक तंगी थी, अनिश्चित भविष्य था,
और साथ में सिर्फ एक जिद –
उत्तराखंड की आवाज बनकर रहना है।

जब बोलना मुश्किल था,
तब यह अखबार बोला।
जब सवाल पूछना खतरा था,
तब इसने सवाल पूछे।
जब सच छापने की कीमत चुकानी पड़ी,
तो दून वैली मेल ने वह कीमत दी –
मगर झुका नहीं।

यह अखबार
दफ्तरों में नहीं पला,
यह गलियों, खेतों, पहाड़ों और
आम लोगों के बीच बड़ा हुआ।

उत्तराखंड के संघर्ष से लेकर
राज्य बनने की उम्मीदों तक,
आंदोलनों की आग से लेकर
आज की चुनौतियों तक –
दून वैली मेल हर मोड़ पर मौजूद रहा।

34 सालों में
सरकारें बदलीं,
सिस्टम बदला,
दौर बदले –
पर नहीं बदली तो
इस अखबार की निष्ठा।

आज भी यह अखबार
उनके लिए छपता है
जिनकी कोई आवाज नहीं,
उनके लिए लिखता है
जिनकी कोई सुनवाई नहीं।

दून वैली मेल
किसी सत्ता का मुखपत्र नहीं,
यह जनता की डायरी है।

34 साल बाद भी
अगर यह अखबार जिंदा है,
तो सिर्फ इसलिए –
क्योंकि सच जिंदा है
और पाठकों का भरोसा जिंदा है।

दून वैली मेल
संघर्ष था,
संघर्ष है,
और संघर्ष ही रहेगा –
जनता के लिए।

❑आनंद कांति
समाचार संपादक

दून वैली मेल

## संपादकीय

# ईमानदार व निष्ठा पूर्ण पत्रकारिता का 34वां साल

हम जिस देश, धर्म व समाज में रहते हैं, उसके उत्कृष्ट के लिए अपनी सम्पूर्ण कार्य क्षमता बौद्धिक कौशल और वैचारिकता के साथ अपना कर्म करते हैं। इस कुरुक्षेत्र में हर व्यक्ति को अपना कर्मक्षेत्र चुनने का जन्मसिद्ध और संवैधानिक अधिकार है। जब 1991 में पत्रकारिता के कुरुक्षेत्र में 'सांध्य दैनिक, दून वैली मेल' ने जन्म लिया था तब यह कल्पना भी नहीं की थी कि यह सफर इतनी गम्भीर चुनौतियों के बीच पूरा हो सकेगा, वह भी इतनी सफलतापूर्ण और लोकप्रियता के साथ। पत्रकारिता यूं तो हर देशकाल में गम्भीर चुनौतियों भरा रहा है क्योंकि समाज को पत्रकारिता से हमेशा ही हर बुराई से लड़ने और उसे परास्त करने की अपेक्षाएं रही हैं। लेकिन जब हमारा सामाजिक और राष्ट्रीय परिवेश तेजी से बदल रहा है और मान्यताएं ढह रही हैं, रिश्ते सिसक रहे हैं, परिवार दरक रहे हैं, नैतिकता व मानवीय संवेदनाओं का स्तर न्यूनता की ओर बढ़ रहा है, पत्रकारिता की जिम्मेदारियां और भी अधिक बढ़ गयी हैं। आज के दौर में न तो अखबार निकालना आसान चुनौती है और न अखबार को दीर्घकाल तक चलाते रहना। पत्रकारिता के परिपेक्ष्य में हम जिन मानक और मूल्यों की बात करते हैं उन्हें खुद अपने यर्थाथ जीवन में उतार कर ही हम दूसरों को नसीहत दे सकते हैं।

आज जब देश और समाज के हर क्षेत्र में भय-भ्रष्टाचार व बेईमानी का बोलबाला है। सच कहना और सच स्वीकार करना दोनों अत्यन्त जोखिम भरे काम हो गये हैं। पत्रकारिता के समक्ष भी अपने मूल्यों को बचाने की चुनौती भी उतनी ही गम्भीर हो गयी है। शासन सत्ता और प्रशासन की चटुकारिता न करने वालों को दंडित करने की बढ़ती प्रवृत्ति ने पत्रकारिता के मूल्यों को भारी नुकसान पहुंचाया है। लेकिन तमाम तरह के दबाव और चुनौतियों के बीच 'सांध्य दैनिक, दून वैली मेल, को 33 सालों के अपने स्वर्णिम सफर पर गर्व है। हम इन 33 सालों में न झुके, न रुके, न दबे, न चुनौतियों के सामने हमने कभी घुटने टेके। समय की जरूरत और मांग के मद्देनजर 'दून वैली मेल' अब एक कदम और बढ़ाते हुए फेसबुक पेज 'दून वैली मेल' के द्वारा अपने सुधि पाठकों को उत्तराखण्ड, देश-विदेश की पल-पल की खबरों से अवगत करा रहा है। सांध्य दैनिक 'दून वैली मेल' अपने उन सभी पाठकों का आभारी है जिनके सहयोग ने हमें चलते रहने का हौंसला दिया। हम उन्हें आश्वास्त करते हैं कि उनके सहयोग तक हमारा यह सफर जारी रहेगा। हमें यह बताते हुए इस बात का गर्व अनुभव हो रहा है कि देहरादन से प्रकाशित होने वाला हिन्दी सांध्य दैनिक 'दून वैली मेल' अपने सतत संघर्ष के 33 साल का सफर आज पूरा कर चुका है। दून वैली मेल' की 34वीं साल गिरह पर हम अपने सभी सुधी पाठकों, विज्ञापन दाताओं और शुभचिन्तकों का विनम्र आभार व्यक्त करते है जो इतने सालों के सफर में हमारे सहयोगी रहे और रहेगें। जिनके साथ और सहयोग ने हमारे इस सफर को आसान बनाया। भले ही हमें यह लगता हो कि यह 33 साल कब और किन परिस्थितियों में गुजर गये लेकिन वास्तव में यह सफर उतना भी आसान नहीं था जितना दिखायी पड़ता है। अनेकों उतार चढ़ाव इस दौर में देखे गये। मीडिया जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है उस स्तंभ का सबसे अधिक सशक्त और मजबूत बने रहना जरूरी है। क्योंकि अभिव्यक्ति की आजादी के बिना कोई भी व्यवस्था आम नागरिक के अधिकारों की सुरक्षा नहीं कर सकती है। मीडिया जब तक अपने उत्तरादायित्व को ईमानदारी से निभाता रहेगा। देश का समाज, लोकतंत्र व शासन-प्रशासन उतना ही मजबूती से खड़ा रहेगा। सांध्य दैनिक 'दून वैली मेल' आपको एक बार फिर भरोसा दिलाता है हमारा सफर अविराम जारी रहेगा। बस आपके अपेक्षित सहयोग का साथ हमें मिलता रहे।

**- संपादक**

# फर्जी निवास प्रमाण पत्र निरस्त करने की मांग को लेकर मंच का प्रदर्शन

संवाददाता

देहरादून। फर्जी निवासी प्रमाण पत्र निरस्त करने की मांग को लेकर उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच ने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

आज यहां उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए। जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद से ही उत्तराखण्ड राज्य में मूल-निवास की व्यवस्था को जनविरोध के बाद भी पूर्ण रूप से समाप्त कर स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनाये जाने लगे थे। स्थाई निवास प्रमाण पत्र की आड में पूरे प्रदेश में और खासकर मैदानी जिलों में फर्जी स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनाये जाने लगे हैं। कई बार इस बात के खुलासे होने से की कई विभागों से भी



फर्जी स्थाइ‌ी निवास प्रमाण पत्र के माध्यम से सरकारी सेवा में कार्मिक नियुक्ति पा रहे हैं, उत्तराखण्ड का जनमानस विशेषकर युवा बेरोजगार अपने का छला हुआ महसूस कर रहे हैं। इन फर्जी स्थाईख निवास प्रमाण पत्र से लोग ना केवल यहां के सरकारी अर्द्धसरकारी नौकरी को पा रहे हैं बल्कि यहां के स्थानीय लोगों के लिए लाई जा रही जनकल्याणकारी सेवाओं का भी लाभ ले रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि स्थाई निवास प्रमाण पत्रों के बनाने की प्रक्रिया सुविधाजनक तो हो परन्तु वहां फर्जीवाडे की सम्भावना ना के बराबर हो, साथ ही फर्जी तरीके से इस तरह प्रमाण पत्र बनाने वालों के खिलाफ कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार के घायल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जगजीत पुर हरिद्वार निवासी गंगा दत्त जोशी ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा राहुल जोशी अपने मोटरसाईकिल से शहर की तरफ आ रहा था जब वह बल्लूपुर फ्लाईओवर से आगे आया तभी एक ट्रक ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसका बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गया और मोटरसाईकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## शुभम सिंह ने की महेश शर्मा से मुलाकात

संवाददाता



देहरादून। क्षत्रिय करणी सेना के राष्टीय सचिव व प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड शुभम सिंह ठाकुर द्वारा भारतीय जनता पार्टी के केद्रीय मंत्री व चेयरमैन कैलाश हॉस्पिटल डॉ महेश शर्मा के साथ उनके निवास स्थान नोएडा बैठक हुई। आज यहां क्षत्रिय करणी सेना के राष्टीय सचिव व प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड शुभम सिंह ठाकुर द्वारा भारतीय जनता पार्टी के केद्रीय मंत्री व चेयरमैन कैलाश हॉस्पिटल डॉ महेश शर्मा के साथ उनके निवास स्थान नोएडा बैठक हुई। जिसमें शुभम सिंह ठाकुर ने महेश शर्मा को देहरादून में हॉस्पिटल की दूरदश से अवगत करवाया। व देहरादून के हॉस्पिटल को लेकर प्रधान मंत्री से बात करने को कहा। इसके साथ साथ उत्तराखंड में बढ़ते अपराध को लेकर चर्चा की। एवम क्षत्रिय करणी सेना द्वारा उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भी चर्चा की। जिसको देखते हुए। मायने लगाये जा रहे हैं क्योंकि शुभम सिंह ठाकुर खुद कैंट विधानसभा से विध ायक की दावेदारी कर रहे हौं शुभम सिंह ठाकुर ने मीडिया को बताया कि उन्होंने उत्तराखंड हॉस्पिटलों की दूरदशा व समस्याओं को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया है व करणी सेना का समर्थन करने की बात कही है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर होगा पदयात्रा का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। मेरा युवा भारत उत्तराखण्ड युवा कार्यक्रम 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा।

यहां मेरा युवा भारत उत्तराखंड, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 25 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में पदयात्रा का आयोजन ग्राफिक इरा हिल यूनिवर्सिटी एवम महन्त इंद्रेश मोथरोवाला में किया जा रहा है जिसमे 500 से अधिक माय भारत स्वयंसेवक प्रतिभाग करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य 'मेरा भारत मेरा वोट' के संदेश के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी को अधिकतम करना है। यह कार्यक्रम एक राष्ट्रव्यापी युवा लामबंदी पहल है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए सूचित, नैतिक और सहभागी चुनावी जुड़ाव को बढ़ावा देना है। मतदाता जागरूकता को शारीरिक फिटनेस और सामुदायिक भागीदारी के साथ जोड़कर, इस पहल का लक्ष्य राष्ट्रीय मतदाता दिवस को युवाओं के नेतृत्व वाले एक जीवंत जन आंदोलन में बदलना है। इस कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों में से एक युवा नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में संवेदनशील बनाना, मतदाता पंजीकरण और चुनावी विवरणों में सुधार के लिए प्रोत्साहित करना और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना है। यह पदयात्रा / संडेज ऑन साइकिल सामूहिक नागरिक कार्रवाई के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश फैलाने के लिए एक दृश्यमान और सहभागी मंच के रूप में कार्य करेगी। इस कार्यक्रम में 'माई भारत' के स्वयंसेवकों और पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखी जाएगी। गतिविधियों में पदयात्रा या साइकिलिंग कार्यक्रम, पहली बार मतदाता बनने वालों का सम्मान, मतदाता जागरूकता संवाद, शपथ ग्रहण समारोह और सार्वजनिक आउटरीच शामिल हैं। राष्ट्र निर्माण के लिए इस तरह के लोकतांत्रिक अभ्यासों में युवाओं की भागीदारी एक महत्वपूर्ण घटक है। युवा नागरिकों को जागरूकता, जिम्मेदारी और चुनावी प्रक्रिया में स्वामित्व की भावना के साथ सशक्त बनाना लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। इस पहल के माध्यम से, युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिकता के दूत के रूप में उभरने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। 'मेरा युवा भारत' सभी युवा नागरिकों से राष्ट्रीय मतदाता दिवस पदयात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने और भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने में सार्थक योगदान देने का आह्वान करता है।

# टीएमयू संग आत्मीय रिश्तों को और प्रगाढ़ कर गए जाने-माने सिंगर सुखविंदर सिंह



देहरादून (कासं)। जाने-माने पंजाबी सिंगर श्री सुखविंदर सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी परिवार के संग अपने प्रगाढ़ रिश्तों को और सुगंधित कर गए। उदीषा चौपाल साहित्योत्सव-2026 में शिरकत करने मुरादाबाद आए सुखविंदर अपनी चहेती तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी आना नहीं भूले। चल छैया-छैया और जय हो सरीखे मशहूर गानों के पार्श्व गायक सुखविंदर का कुलाधिपति सुरेश जैन और जीवीसी मनीष जैन ने अपने आवास- संवृद्धि में मंगल आगमन पर बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन, सुश्री नंदिनी जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। पर्यावरण प्रेमी सुखविंदर कुलाधिपति आवास- संवृद्धि में खिले गेंदों के फूल देखकर गदगद हो गए। सुखविंदर मानते हैं, टीएमयू इन्नोवेटिव विजन, डायनामिक लीडरशिप, पर्यावरण, स्टार्ट अप्स, क्रिएटिविटी, रिसर्च के प्रति बेहद संजीदा है साथ ही जैन परिवार ऊर्जावान है। जिंदादिल है। ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने किया बैठक का बहिष्कार

पौड़ी(आरएनएस)। विकासखंड खिर्सू की दूसरी बीडीसी बैठक का क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बहिष्कार कर दिया। आरोप है कि सदस्यों के विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों को नजरंदाज किया जा रहा है। साथ ही जन प्रतिनिधियों से उचित व्यवहार नहीं किया जा रहा। नाराज सदस्यों ने डीएम को ज्ञापन भेजकर बीडीओ को हटाने की मांग उठाई। पूर्व तय कार्यक्रम के अनुसार बृहस्पतिवार को खिर्सू ब्लॉक की बीडीसी बैठक आयोजित की गई थी। क्षेत्र के सभी बीडीसी सदस्यों के साथ ही अधिकारी व कर्मचारी तय समय पर ब्लॉक सभागार पहुंचे। इसी बीच सदस्यों ने बीडीओ अमित बिजल्वाण के खिलाफ नारेबाजी कर बैठक का बहिष्कार कर दिया। ब्लॉक प्रमुख व ज्येष्ठ प्रमुख नितिन रावत ने आरोप लगाया कि बीडीओ न तो क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ समन्वय बना रहे हैं और न ही उनके विकास कार्यों के प्रस्तावों को स्वीकृत कर रहे। बीते नवंबर में बजट आवंटित होने के बावजूद अभी तक वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य योजनाओं के सापेक्ष कोई काम शुरू नहीं कराया गया है।डीपीआरओ के माध्यम से डीएम को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने चेतावनी दी कि शीघ्र ही बीडीओ का तबादला किया जाए अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने सामूहिक रूप से त्यागपत्र देने की भी चेतावनी दी है। इस मौके पर कनिष्ठ उप प्रमुख बरदाशी देवी, सरत नेगी, उत्तम सिंह, शरत सिंह, गुड्डी देवी, योगेश चंद्र, रोशनी देवी, भद्रासी देवी, रुचि देवी, राजेश्वरी देवी, नीलम, राहुल प्रसाद, नीतू देवी, रेखा देवी आदि मौजूद रहे। वहीं, बीडीओ अमित बिजल्वाण ने आरोपों को बेबुनियाद बताया। कहा कि बीते नवंबर में उन्होंने खिर्सू में पदभार संभाला। इसी बीच ट्रेनिंग में भी रहे। हालांकि विकास कार्यों की फाइल अब मेरे पटल पर पहुंच रही है जिनका अवलोकन किया जा रहा है।

## गुमखाल बाजार से रौनक हुई गायब

कोटद्वार(आरएनएस)। गुमखाल और सतपुली के बीच सतपुली मल्ली में हाईवे बंद होने का असर गुमखाल बाजार के व्यापारियों पर ज्यादा पड़ा है। पिछले तीन दिनों में गिने-चुने लोग ही गुमखाल बाजार पहुंच रहे हैं जिससे उनका व्यवसाय चौपट हो गया है। सबसे ज्यादा जनरल स्टोर व होटल व्यवसाय प्रभावित हुआ है। होटल व्यवसायी गंभीर सिंह व शोभन सिंह ने बताया कि सामान्य दिनों में शाम चार बजे तक गुमखाल बाजार की रौनक बनी रहती थी। लोग खाना खाने के लिए होटल में आते थे। हाईवे बंद होने के बाद पिछले तीन दिनों से गिने चुने ही ग्राहक पहुंच रहे हैं। वहीं, जनरल स्टोर संचालक सत्यपाल चौहान ने बताया कि हाईवे पर आवाजाही रहने से लोग चिप्स, रेस्टोरेंट में चाय पानी व अन्य खाने पीने की चीजें खरीदने आते थे, लेकिन पिछले तीन दिनों से व्यवसाय पूरी तरह से ठप है। पूरे बाजार की रौनक ही गायब हो गई है।

## आंदोलन के बाद जागा विभाग, आइस स्केटिंग रिंग में शुरू हुआ सुधार

चमोली(आरएनएस)। औली के संरक्षण समेत कई मांगों को लेकर स्थानीय लोगों के आंदोलन के बाद आइस स्केटिंग रिंग में सुधार करना शुरू कर दिया गया है। रिंक में चल रहे कार्यों पर स्थानीय लोग और आइस स्केटिंग एसोसिएशन लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। पिछले दिनों स्थानीय लोगों ने औली के संरक्षण, आइस स्केटिंग रिंक के अधूरे कार्य को पूरा कराने समेत कई मांग के लिए आंदोलन किया था। शासन स्तर पर मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था जिसपर लोगों ने आंदोलन स्थगित कर दिया था। अब यहां पर रिंक में सुधार के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। आइस स्केटिंग एसोसिएशन चमोली के अध्यक्ष विवेक पंवार ने बताया कि हमारी मांग है कि रिंक की लेवलिंग की जाए, चहारदीवारी, लेयर बाय लेयर आइस जमाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। इस पर कार्यदायी संस्था की ओर से कार्य किया जा रहा है। हम समय-समय पर यहां निगरानी कर रहे हैं जो भी संभव है हमारी ओर से तकनीकी सपोर्ट भी दिया जा रहा है।

## टिहरी जिले के 16 शिक्षक बने कबड्डी के स्टेट रेफरी

नई टिहरी(आरएनएस)। जिले के 16 व्यायाम शिक्षक कबड्डी के स्टेट रेफरी बने हैं। उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन की ओर से जारी परिणाम में चयनित शिक्षकों के नाम घोषित किए गए हैं। स्टेट रेफरी कोर्स के लिए एसोसिएशन की ओर से पांच से सात सितंबर 2025 तक प्रेम नगर आश्रम हरिद्वार में विशेष प्रशिक्षण शुरू किया गया था जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से कबड्डी में रुचि रखने वाले 61 शिक्षक-शिक्षिकाओं और पूर्व खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। कबड्डी की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए अच्छे ऑफिशियल तैयार करने और कबड्डी खेल के नियमों की सही जानकारी खिलाड़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से हरिद्वार में कार्यशाला आयोजित की गई थी। शिक्षकों को कबड्डी रेफरी का प्रशिक्षण कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के टेक्निकल डायरेक्टर जगदीश्वर यादव और इंटरनेशनल टेक्निकल ऑफिसर राणा रणजीत सिंह द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों का लिखित, मौखिक और प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित की गई। एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया टेक्निकल डायरेक्टर जगदीश्वर यादव, उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश जोशी, उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव चेतन जोशी, उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन के टेक्निकल अध्यक्ष मनोज नेगी ने बताया कि 22 जनवरी 2026 को परीक्षा का परिणाम जारी किया है।

# नगर निगम की जनसुनवाई में उमड़ा आक्रोश, नालों से पेयजल लाइन हटाने की उठी मांग

अल्मोड़ा(आरएनएस)। नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा की ओर से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों का आक्रोश साफ नजर आया। लोगों ने कहा कि नगर निगम बने एक साल हो गया, लेकिन शहर की बुनियादी व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा। नागरिकों ने यह भी कहा कि पर्यटन नगरी का सपना दिखाया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत में सुविधाएं बेहद कमजोर हैं।

बैठक में कई लोगों ने निगम की आय और शहर के विकास कार्यों को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि विकास कार्यों में नगर निगम को ही प्रमुख कार्यदायी संस्था बनाया जाना चाहिए। जनसुनवाई में पेयजल लाइनों को गंदे नालों से हटाने की मांग सबसे अधिक उठी। नागरिकों का कहना था कि नालियों और सीवर के पास से गुजर रही पानी की लाइनों से दूषित पानी घरों तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। लोगों ने भवन के आकार के आधार पर पानी का बिल तय किए जाने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि बिल वसूली खपत के आधार पर होनी चाहिए। इसके अलावा खराब स्ट्रीट लाइट बदलने, खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत, शहर में सीसीटीवी लगाने और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने जैसे मुद्दे भी बैठक में प्रमुखता से उठे। बैठक में रवि रौतेला ने कहा कि नगर निगम की आय बढ़ेगी तभी विकास कार्य आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के समय बने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और पार्किंग क्षेत्रों में कई दुकानें खाली पड़ी हैं, जिससे निगम को लगातार नुकसान हो रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि पार्किंग से होने वाली आमदनी का बड़ा हिस्सा जिला प्राधिकरण में चला जाता है। अरुण वर्मा ने नगर निगम के कार्य दूसरे विभागों या संस्थाओं को सौंपने पर आपत्ति जताई और कहा कि शहर की सड़कों पर प्रमुख जगहों पर रोशनी की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही बाजारों में दिशा-निर्देश वाले साइन बोर्ड लगाने की मांग भी रखी गई।

रमेश जोशी, सुशील शाह, वैभव पांडे और रोहित कार्की ने कहा कि नालों के भीतर से गुजर रही पानी की लाइनों को जल्द हटाया जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो। लोगों ने एनटीडी के ट्रेंचिंग ग्राउंड में खुले में पड़े हजारों मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई। बैठक में नगर प्रमुख अजय वर्मा, सहायक नगर आयुक्त लक्ष्मण सिंह भंडारी, पार्षद और नगर के कई नागरिक उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

नई टिहरी(आरएनएस)। पीएम श्री बालगंगा राजकीय इंटर कॉलेज केमरा-केमर के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। भिलंगना ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी ने वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया।

छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, जौनसारी, हिन्दी गानों पर लोक नृत्य, देशभक्ति और नाटक की रंगारंग प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य बीसी रमोला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और विद्यालय के शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-शैक्षणिक गतिविधियों तथा भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप बिष्ट, वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष चंदन सिंह पोखरियाल, कुंवर सिंह रावत, विशेश्वर प्रसाद जोशी,सीमा पोखरियाल, हरीश रावत, विजय राम जोशी, उत्तम सिंह, रमेश पोखरियाल आदि मौजूद थे।

## पानी के लिए ढोल नगाड़ों के साथ घेरी तहसील

श्रीनगर गढ़वाल(आरएनएस)। कीर्तिनगर विकासखंड के हिसरियाखाल, पाटाखाल व अकरी पट्टी के करीब 80 से अधिक गांवों के लिए बन रही लक्ष्मोली-हडिमधार पेयजल पुनर्गठन योजना का काम पूरा न होने पर लोगों ने आक्रोश जताया। बृहस्पतिवार को लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ तहसील का घेराव किया और सरकार व विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद वह तीन घंटे तक धरने पर बैठे रहे। ग्रामीणों ने कहा कि सर्दियों में भी पेयजल संकट झेल रहे हैं। विभाग योजना के निर्माण में देरी कर रहा है। उन्होंने एक माह में समस्या का समाधान न करने पर जगदेश्वर महादेव मंदिर में अनशन की चेतावनी दी। बृहस्पतिवार को पेयजल संघर्ष समिति हिसरियाखाल के बैनर तले क्षेत्र के ग्रामीण ढोल दमाऊं के साथ नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय कीर्तिनगर पहुंचे और घेराव किया। इसके बाद लोग धरने पर बैठ गए। यहां हुई सभा में समिति के अध्यक्ष पितांबर दत्त बलूनी ने कहा कि आज भी क्षेत्र के लोग पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। योजना से तीन दिन में एक दिन आंशिक रूप से पानी मिल रहा है। कहा कि जल निगम व जल संस्थान बरसात में नदी में गाद आने, गर्मियों में मोटर फुंकने और सर्दियों में नदी में पानी की मात्रा कम होने का हवाला देकर क्षेत्र के लोगों को गुमराह करता आ रहा है। जब से योजना बनी तब से लेकर आज तक कभी भी लोगों को पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया है। टैंकों में भी गंदगी जमा है। प्रधान कुलदीप रावत ने कहा कि जब भी ग्रामीण आवाज उठाते हैं विभाग आश्वासन देता है लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य महिपाल बुटोला ने कहा कि पुरानी लक्ष्मोली-हडिमधार पेयजल योजना से क्षेत्र में पेयजल की सुचारु आपूर्ति नहीं हो रही है जिससे लोग पानी के लिए ठंड के मौसम में भी भटक रहे हैं। विभाग त्यूणा योजना को भी पुनर्जीवित नहीं कर रहा है। जिला पंचायत सदस्य अंजलि देवी, मधुसूदन बंगवाल, रामदयाल, अचल नेगी, गौरव राणा, रामप्रकाश, पूर्व प्रधान विरेंद्र बंगवाल, आरती उमरियाल, राजेंद्र राणा, संजना, आरती देवी, अर्जुन लाल, रामस्वरूप उनियाल व पदम सिंह रावत आदि ने विचार रखे। करीब तीन घंटे के सांकेतिक धरने के बाद ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

# शिविर में छाया मोबाइल नेटवर्क न होने का मुद्दा

नई टिहरी(आरएनएस)। उप तहसील पावकी देवी के न्याय पंचायत बुगाला और जौनपुर ब्लॉक के द्वारगढ़ में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर का आयोजन किया गया। बुगाला शिविर में दोगी पट्टी के गांवों में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा न होने आपदा से क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़क मार्गो की मरम्मत न होने का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। बुगाला में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा प्रत्येक पात्र लाभार्थी को उसका अधिकार, हक सरल और सुविधाजनक रूप में प्राप्त करना है। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा जन-जन के द्वार तक पहुंचकर सभी प्रकार के प्रमाणपत्र, ई-केवाईसी, कृषि उपकरण, खाद, बीज प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डीएम नितिका खंडेलवाल ने बताया कि केवाईसी, पेंशन, बीमा योजनाओं सहित सभी प्रकार के प्रमाणपत्र शिविर में ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरदार सिंह पुंडीर ने दोगी क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति में सुधार करने, पावकी देवी राजकीय इंटर कॉलेज में इंटर स्तर पर गणित विषय का पद सृजित करने, क्षेत्र की एक सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग की गई। शिवपुरी के प्रधान प्रभु लाल बिजल्वाण ने शिवपुरी पेयजल लाइन के लिए अधिगृहित भूमि से पाइपलाइन बिछाने की मांग की गई।

गंगल्सी की प्रधान सुशीला देवी ने सेरा गाड नामे तोक में लो वोल्टेज का समाधान करने और झूलते बिजली के तारों को चाक-चौबंद करने की मांग की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख दीक्षा राणा, डीएफओ नरेंद्रनगर दिगांथ नायक, एसडीएम आशीष घिल्डियाल, सीएमओ डॉ. श्याम विजय, डीडीओ मो. असलम आदि मौजूद रहे। द्वारगढ में एसडीएम अंकित राज की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। धनोल्टी प्रीतम सिंह पंवार ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिविर में दर्ज शिकायतों का निराकरण करने को कहा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सीता पंवार, जिला पंचायत सदस्य जोत सिंह रावत, तहसीलदार भूपेंद्र राणा, बीडीओ अर्जुन सिंह रावत, एडीओ पंचायत हरीश प्रसाद नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# गोरण सूरीधार से शुरू हुआ 16 किमी लंबी पर्यटन सड़क का निर्माण

नई टिहरी(आरएनएस)। टिहरी झील किनारे गोरण सूरीधार से पर्यटन रोड का कार्य जोरशोर से शुरू हो गया। पहले चरण में गोरण क्षेत्र में पांच किमी सड़क का निर्माण शुरू किया गया है। कोटीकॉलोनी से डोबरा-चांठी तक कुल 16 किमी लंबी इस सड़क का पूरा निर्माण 18 माह में पूरा किया जाना है। तीन अलग-अलग चरण में यह कार्य किया जाना है। कार्यदायी संस्था चंबा के अधिशासी अभियंता जगदीश खाती, जेई नितिन लेखवार ने बृहस्पतिवार को सूरीधार पहुंचकर सड़क निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।प्रथम चरण में लोनिवि चंबा 16 और लोनिवि प्रांतीय खंड बौराड़ी को 28 किमी सड़क का कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है। लोनिवि चंबा ने कोटीकॉलोनी से डोबरा तक 16 किमी पर इन दिनों तेजी से कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण के लिए जाख, ज्यूदासू, रामगांव, मरोडा, हडगी, पालीचक, जसपुर, तिवाड़ गांव और पलास के 98 काश्तकारों की लगभग 4.8 हेक्टेयर नाप भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। प्रभावित काश्तकारों को विशेष भूमि अध्यापित कार्यालय की ओर से मुआवजा भुगतान की कार्रवाई इन दिनों चल रही है। विभागीय अधिकारियों ने सूरीधार पहुंचकर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। ईई खाती ने निर्माण कार्य में लगी कंपनियों को निर्माण कार्य के दौरान ही मलबे का निस्तारण सही तरह से डंपिंग जोन में करने को कहा। टैंकरों से नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने को कहा है। मशीनों और मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य में और अधिक तेजी लाने को कहा। निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत ही कार्य पूरा करने को कहा।

# फुटबाल प्रतियोगिता का चैंपियन बना कोटद्वार

पौड़ी(आरएनएस)। सांसद चैंपियनशिप ट्रॉफी के तहत बृहस्पतिवार को बैडमिंटन व फुटबाल प्रतियोगिता के मुकाबले खेले गए। रांसी स्टेडियम में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंडर- 14 में रुद्रप्रयाग के अभिनव प्रथम, पौड़ी के अरमान अहमद व अक्षय रावत तृतीय रहे। वहीं इसी आयु वर्ग के बालक वर्ग के फुटबाल प्रतियोगिता के तहत रामनगर व केदारनाथ के मैच खेला गया जिसमें रामनगर ने केदारनाथ को 4-० के अंतर से हराया। वहीं कोटद्वार और पौड़ी के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें कोटद्वार ने पौड़ी को 4-1 के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत, भगवान गुसांई, दिनेश सिह नेगी, आदेश बहुगुणा, मनोज बजरियाल, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# मदकोट में जांच के बाद मांस की हो ब्रिकी

पिथौरागढ़(आरएनएस)। मदकोट व्यापार मण्डल ने पशुपालन विभाग से बाजार में जांच के बाद ही दुकानों में मांस ब्रिकी की मांग की है। गुरुवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित मेहता ने पशु चिकित्सा केंद्र मदकोट के माध्यम से जिला मुख्यालय स्थित विभागीय कार्यालय को ज्ञापन भेजा। इस दौरान उन्होंने कहा कि बगैर जांच के ही मांस दुकानों तक पहुंच रहा है। उन्होंने आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा को देखते हुए नियमित रूप से मांस की जांच करने, दुकानों में साफ-सफाई की भी निरीक्षण करने को कहा है।

# छात्रों को दी सीयूटी प्रवेश परीक्षा की जानकारी

नई टिहरी(आरएनएस)। एनएचबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल के निदेशक प्रो एए बौडाई के नेतृत्व में परिसर की एक टीम ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज चंबा में जाकर 12 वीं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को स्नातक सीयूटी प्रवेश परीक्षा के बारे में जानकारी दी। परिसर निदेशक बौडाई ने बताया कि प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 3० जनवरी है। टीम में शामिल प्रो केसी पेटवाल, डॉ सना रफी, डॉ हंसराज बिष्ट ने बताया कि अधिकांश छात्र-छात्राओं को सीयूटी परीक्षा के बारे में जानकारी नहीं है। बताया दोनों विद्यालयों के मात्र छह छात्र-छात्राओं ने विवि प्रवेश परीक्षा के फार्म भरे हैं। परिषद निदेशक बौडाई और टीम में शामिल लोगों ने छात्र-छात्राओं को सीयूटी प्रवेश परीक्षा की जानकारी, प्रवेश फार्म भरने, संबंधित विषय का चुनाव करने आदि के बारे में जानकारी दी। परिसर निदेशक ने कहा कि छात्र-छात्राओं को फार्म भरने में किसी प्रकार की कोई परेशानी आती है, वह परिसर के नंबरों अथवा टीम के सदस्यों से बिना संकोच के संपर्क कर सकते हैं। विवि की ओर से गठित टीम शीघ्र घनसाली, प्रतापनगर सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों जाकर छात्र-छात्राओं को सीयूटी प्रवेश परीक्षा की जानकारी देने के साथ छात्रों से फार्म भरने की अपील करेगी।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकााित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, ार्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आवस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकााित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकााित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या ार्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परोानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकााक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# आबादी के नजदीक डंपिंग जोन बनाने पर भड़के ग्रामीण

कोटद्वार(आरएनएस)। पौड़ी नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण से निकले मलबे का डंपिंग जोन एनएच से सटे रिहायशी इलाकों के नजदीक बनाने पर ग्रामीण भड़क गए हैं। उन्होंने गांवों में खतरे को देखते हुए डंपिंग जोन रिहायशी इलाकों के करीब नहीं बनाने की मांग की है। बृहस्पतिवार को ग्रामीणों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोटद्वार तहसील पहुंचकर इस संबंध में तहसील प्रशासन के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि सतपुली और गुमखाल के बीच वर्तमान में चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। पहाड़ कटान के दौरान निकले मलबे का डंपिंग जोन अधिकांशतः रिहायशी इलाके से दूर बनाए गए हैं लेकिन अब आबादी से सटे इलाके में भी डंपिंग जोन बनाए जा रहे हैं। एनएच के अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि कोटद्वार-गुमखाल रोड पर पीजी कॉलेज जयहरीखाल के आगे के गांवों रामागांव, धरगांव, हटनिया (पाली), बैरगांव आदि गांवों में राजस्व व नापखेत भूमि में पहाड़ कटिंग के मलबे के डंपिंग जोन बनाए जाएंगे। ये स्थान रिहायशी इलाके के नजदीक हैं। डंपिंग जोन बनने से जहां धूल के गुबार उठने से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रति प्रभाव पड़ेगा। वहीं, बरसात में मलबा बहकर इन गांवों में आवासीय भवनों के लिए खतरा बनेगा। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में ग्रामसभा रामागांव के प्रधान वारिश अहमद, बलवीर सिंह रावत, महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत, दिलीप सिंह रावत, मदन सिंह नेगी, परमानंद, चंद्रमोहन सिंह, नरेंद्र, रमेशचंद्र खंतवाल, शीला भारती, प्रदीप नेगी आदि शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायलों की निसंकोच सहायता करे

पिथौरागढ़। जनपद पुलिस 36वां सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को जागरूक कर रही है।

थानाध्यक्ष डीडीहाट संजय जोशी के नेतृत्व में पुलिस ने जीआईसी मैदान डीडीहाट में स्टॉल लगाकर लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस ने आमजन को गुड समैरिटन योजना के बारे में जानकारी दी।

पुलिस ने आमजन से सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों की निसंकोच सहायता करने को कहा। जिससे घायलों को समय रहते इलाज मिल पाए।

# जिला मुख्यालय और घनसाली में कर्मियों ने चलाया जन जागरण अभियान

नई टिहरी(आरएनएस)। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़े टिहरी शाखा के पदाधिकारियों ने जिला चिकित्सालय बौराड़ी व विकासखंड स्तरीय समन्वय समिति ने भिलंगना के खंड विकास कार्यालय घनसाली में गेट मीटिंग कर जन जागरण अभियान चलाया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद टिहरी शाखा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणा ने कहा कि जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने जिला चिकित्सालय बौराड़ी बौराड़ी, वन विभाग, नगर पालिका, जिला पंचायत, बाल विकास विभाग में तथा खंड विकास कार्यालय घनसाली में गेट मीटिंग कर कर्मियों को लंबित 18 सूत्री मांगों के बारे में बताया। कहा कि संगठन गत कई वर्षों से मांगों को लेकर मुखर है लेकिन उनका निस्तारण नहीं हो पा रहा है। संगठन पदाधिकारियों ने कर्मियों से मांगों को लेकर एक मंच पर आने की अपील की। संयुक्त परिषद की मुख्य मांगे एसीपी की बहाली, वेतन विसंगति दूर करने, राज्य कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान आवास भत्ता देने, पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ, राजस्थान और पंजाब राज्यों की तर्ज पर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू, गोल्डन कार्ड खमियों को दूर करने सहित 18 सूत्री शामिल हैं।

# घरेलू विवाद के दौरान महिला पर दराती से हमले का आरोप

अल्मोड़ा(आरएनएस)। थाना लमगड़ा क्षेत्र के ग्राम सत्यूं में घरेलू विवाद के दौरान एक महिला पर दराती से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई है और अस्पताल में उसके सिर पर आठ टांके लगाए गए हैं। पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी गई है।

ग्राम सत्यूं निवासी राम सिंह पुत्र मोहन सिंह ने थाना लमगड़ा में दी तहरीर में बताया कि वह हरियाणा में नौकरी करते हैं और उनकी पत्नी लक्ष्मीमा देवी गांव में रहती हैं। तहरीर के अनुसार 19 जनवरी 2०26 की शाम करीब 3 बजकर 5० मिनट पर उनकी बकरी का बच्चा पड़ोस में रहने वाली नंदी देवी पत्नी देब सिंह के खेत में चला गया। इसी बात को लेकर नंदी देवी और लक्ष्मीमा देवी के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान नंदी देवी ने गुस्से में आकर दराती से लक्ष्मीमा देवी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने सिर पर आठ टांके लगाए। राम सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर वह हरियाणा से गांव पहुंचे और अपनी पत्नी के उपचार के बाद थाना लमगड़ा में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है।

## शब्द सामर्थ्य -019

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# तू या मैं' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

वैलेंटाइन वीक को आमतौर पर रोमांटिक फिल्मों का सीजन माना जाता है, लेकिन साल 2026 में यह ट्रेंड बदलने जा रहा है। निर्देशक बेजय नांबियार की अपकमिंग सर्वाइवल थ्रिलर तू या मैं' का टीजर रिलीज हो चुका है, जो यह साफ संकेत देता है कि इस बार प्यार के साथ डर भी बराबर का हिस्सा होगा। फिल्म में आदर्श गौरव और शनाया कपूर पहली बार एक साथ नजर आएंगे और उनका यह फ्रेश पेयर दर्शकों के लिए एक बिल्कुल अलग अनुभव लेकर आ रहा है।

करीब एक साल पहले सामने आए टाइटल अनाउंसमेंट वीडियो ने ही फिल्म को लेकर अच्छी-खासी चर्चा पैदा कर दी थी। अब रिलीज हुए टीजर ने उस एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है।

टीजर की शुरुआत दो कंटेंट क्रिएटर्स से होती है, जो अलग-अलग सोच, बैकग्राउंड और पर्सनैलिटी से आते हैं। एक को नए अनुभव और एडवेंचर की तलाश है, तो दूसरा क्लाउट और कंटेंट के पीछे भागता दिखता है। दोनों का साथ आना शुरुआत में एक मज़ेदार कोलैबोरेशन लगता है, लेकिन हालात उस वक्त पलट जाते हैं जब उनका सामना एक खतरनाक मगरमच्छ से होता है।

टीजर में दिखाया गया सर्वाइवल एलिमेंट कहानी को एक अलग ही लेवल पर ले जाता है। जंगल, पानी और अनजान खतरे के बीच फंसे ये दोनों किरदार सिर्फ जान बचाने के लिए नहीं, बल्कि एक-दूसरे पर भरोसा करने की जंग भी लड़ते नजर आते हैं। यही वह मोड़ है, जहां रोमांस, डर और थ्रिल एक साथ टकराते हैं। दर्शक आखिरी पल तक यही सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या यह जोड़ी इस जानलेवा स्थिति से बच पाएगी या नहीं।

तू या मैं' की सबसे बड़ी खासियत इसका न्यू-एज ट्रीटमेंट है। फिल्म आज के डिजिटल युग के युवाओं से सीधे जुड़ती है, जहां कंटेंट, फेम और सोशल मीडिया लाइफ का अहम हिस्सा बन चुके हैं। बेजय नांबियार की पहचान हमेशा से ही डार्क, इंटेंस और एक्सपेरिमेंटल सिनेमा रही है, और इस फिल्म में भी वही स्टाइल झलकता है।

फिल्म का निर्माण आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा ने कलर यैलो बैनर तले किया है, जबकि विनोद भानुशाली और कमलेश भानुशाली की भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड भी इस प्रोजेक्ट का अहम हिस्सा है। दमदार स्टारकास्ट, स्ट्रॉन्ग कॉन्सेप्ट और अलग जॉनर के साथ तू या मैं' को वैलेंटाइन वीक की सबसे हटकर रिलीज़ माना जा रहा है।

आदर्श गौरव और शनाया कपूर स्टारर यह फिल्म 13 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अगर आप इस वैलेंटाइन सिर्फ प्यार नहीं, बल्कि थ्रिल और डर का भी अनुभव करना चाहते हैं, तो तू या मैं' आपकी लिस्ट में जरूर होनी चाहिए।

# डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक आया सामने, और भी डरावने लगे अरुल्निथी

तमिल सिनेमा की चर्चित हॉरर-थ्रिलर फ्रेंचाइजी डेमोन कॉलोनी अपनी नई किस्त के साथ दर्शकों को डराने के लिए तैयार है। डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक सामने आते ही फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। पोस्टर में डर, रहस्य और अंधेरे की जो झलक दिखती है, वह साफ इशारा करती है कि इस बार कहानी पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक मोड़ लेने वाली है।

इस फिल्म के साथ एक बार फिर अरुल्निथी अपने लोकप्रिय किरदार में लौट रहे हैं। पहले दो पार्ट्स में जिस रहस्यमयी दुनिया और शापित घटनाओं ने दर्शकों को बांधे रखा था, तीसरे भाग में वही कहानी और गहराई के साथ आगे बढ़ती नजर आएगी। निर्देशक अजय ज्ञानमुथु ने इस फ्रेंचाइजी को सिर्फ डर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसमें मनोवैज्ञानिक तनाव और रहस्य का ऐसा ताना-बाना बुना है, जिसने डेमोन कॉलोनी को अलग पहचान दिलाई।

डेमोन कॉलोनी की टैगलाइन है- द एंड इज टू फार यानी अंत अभी बहुत दूर है। यह टैगलाइन खुद में संकेत देती है कि पिछली फिल्मों में शुरू हुआ अंधेरे का खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। पहले भागों में जिन अलौकिक शक्तियों और शाप का सामना किरदारों ने किया था, उसका असर अब भी बरकरार है और इस बार टकराव और भी भयावह होने वाला है।

इस फिल्म में अरुल्निथी के साथ प्रिय भवानी शंकर, अर्चना रविचंद्रन, मुथुकुमार और मीनाक्षी गोविंदराजन भी अपनी भूमिकाओं में वापसी कर रहे हैं। एक ही कास्ट का लौटना इस बात का संकेत है कि कहानी में निरंतरता रहेगी और दर्शकों को उसी डरावनी दुनिया में फिर से ले जाया जाएगा, जहां हर मोड़ पर अनहोनी का अहसास होता है।

फिल्म के संगीत की कमान एक बार फिर सैम सीएस के हाथों में है, जिनका बैकग्राउंड स्कोर पहले ही इस सीरीज की पहचान बन चुका है। सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं शिवकुमार विजयन, जबकि एडिटिंग की जिम्मेदारी कुमरेश डी निभा रहे हैं। संवाद पट्टुकोट्टई प्रभाकर ने लिखे हैं। प्रोडक्शन की बात करें तो सुधन सुंदरम, मनीष सिंघल और दुर्गाराम चौधरी इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। मई 2025 में डेमोन कॉलोनी को दस साल पूरे हुए थे। इस मौके पर निर्देशक अजय ज्ञानमुथु ने कहा था कि उनका मकसद दर्शकों को एक ऐसा सिनेमाई अनुभव देना है जो डर के साथ लंबे समय तक याद रहे। यही वजह है कि तीसरे भाग से उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

# तृप्ति डिमरी के हाथ में कई बड़ी फिल्में, 2026 में छा जाने की है तैयारी



बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी आने वाले समय में कई शानदार फिल्मों में दिखाई देंगी। नया साल तृप्ति डिमरी के लिए काफी बिजी और खास होने वाला है, क्योंकि उनके पास बॉलीवुड से लेकर साउथ और ओटीटी प्रोजेक्ट्स तक लाइनअप तैयार है।

तृप्ति डिमरी ने साल 2017 में आई श्रेयर तलपड़े की पोस्टर बॉयज' से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इस फिल्म में वो सपोर्टिंग रोल में नजर आई थीं।

इसके बाद उन्हें 2018 की लैला मजनूं' में लीड रोल मिला, जिसमें उनकी परफॉर्मेंस ने खूब तारीफें बटोरीं। फिर ओटीटी पर बुलबुल' (2020) और कला' (2022) से तृप्ति को क्रिटिकल फेम मिला।

वहीं, रणबीर कपूर के साथ एनिमल (2023) में उनकी भूमिका ने उन्हें बड़ी पॉपुलैरिटी दिलाई और उन्हें नेशनल क्रश' बना दिया। इसके बाद भूल भुलैया 3 (2024) और धड़क 2 (2025) जैसी फिल्मों से उनका करियर और मजबूत हुआ है। वहीं अब एक्ट्रेस कई बेहतरीन फिल्मों में नजर आने वाली हैं। इनके पास प्रोजेक्ट्स की लाइन लग गई हैं।

बता दें, तृप्ति डिमरी शाहिद कपूर के साथ फिल्म ओ रोमियो में रोमांस करती नजर आएंगी। इस रोमांटिक फिल्म को विशाल भारद्वाज बना रहे हैं जो 13 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

वहीं, एनिमल के बाद तृप्ति डिमरी एक बार फिर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। अपकमिंग फिल्म स्पिरिट में तृप्ति साउथ स्टार प्रभास के साथ नजर आने वाली हैं। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, हालांकि अभी रिलीज डेट से पर्दा नहीं उठा है।

रिपोर्ट्स की मानें तो तृप्ति डिमरी ओटीटी प्रोजेक्ट मां-बहन का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म में तृप्ति डिमरी माधुरी दीक्षित के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखाई देंगी। ये एक कॉमेडी-ड्रामा होगी जो साल 2026 में ही ओटीटी पर दस्तक दे सकती है।

इसके अलावा खबरें हैं कि, तृप्ति डिमरी लीजेंड्री एक्ट्रेस परवीन बाबी की बायोपिक में लीड रोल अदा करने वाली हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक इसे नेटफ्लिक्स के लिए एक लिमिटेड एडिशन सीरीज के रूप में बनाया जा रहा है। इस सीरीज को शोनाली बोस डायरेक्ट कर रही हैं जिसकी शूटिंग मार्च 2026 में शुरू हो सकती है।

# धुरंधर ने चमकाई सौम्या टंडन की किस्मत



भाभीजी घर पर हैं फेम अभिनेत्री सौम्या टंडन ने धुरंधर में छोटा लेकिन अहम किरदार निभाया था। इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया पर खूब वाहवाही बटोरी। आदित्य धर द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने सौम्या की किस्मत को चमकाने का काम किया है, क्योंकि उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लग चुकी है। ताजा जानकारी की मानें तो सौम्या को आयुष्मान खुराना की चर्चित फिल्म में देखा जाएगा। इस खबर ने उनके चाहने वालों को उत्साहित कर दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सूरज बड़जात्या की आगामी फिल्म ये प्रेम मोल लिया की स्टारकास्ट में सौम्या शामिल हो गई हैं। आयुष्मान और शरवरी वाघ अभिनीत यह फिल्म लंबे समय से चर्चा में है जिसके 2026 में रिलीज होने की संभावना है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, फिल्म में सौम्या बेहद अहम किरदार में नजर आ सकती हैं। उनका यह किरदार कहानी को दमदार बनाने का काम करेगा। हालांकि निर्माताओं ने इससे जुड़ी जानकारी को अभी गुप्त रखा है।

रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म धुरंधर में सौम्या ने अपनी भूमिका से सभी का ध्यान खींच लिया था। इसमें वह अक्षय खन्ना की पत्नी के किरदार में नजर आई थीं। फिल्म का एक दृश्य था जिसमें अभिनेत्री ने अक्षय को थप्पड़ मारा था। इस सीन ने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी थी। लोग सौम्या के अभिनय की तारीफ करते नहीं थके थे। धुरंधर भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कब्जा जमाकर बैठी है। इसने 800 करोड़ से ज्यादा कमाई कर ली है।

## ग्राम बरा में तीन नकाबपोशों ने दिया लूट को अंजाम

रुद्रपुर(आरएनएस)। नकाबपोश बदमाशों ने मुंगफली व्यापारी के परिवार को गनपॉइंट पर बंधक बनाकर 87 हजार लूटे किच्छा। थाना पुलभट्टा क्षेत्र के ग्राम बरा में बुधवार की रात नकाबपोश बदमाशों ने सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। तीन नकाबपोश बदमाशों ने दीवार कूदकर मुंगफली के थोक व्यापारी नरेश कुमार प्रजापति के घर में घुसकर पूरे परिवार को तमंचे की नोक पर बंधक बना लिया। मारपीट कर 87 हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के जेवरात लूट लिए। घटना की जानकारी के अनुसार नरेश कुमार प्रजापति पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम बरा हैं। बुधवार रात्रि करीब 12 बजकर 40 मिनट पर तीन नकाबपोश बदमाश उनके घर की दीवार फांदकर अंदर घुसे। उन्होंने घर के कमरे में सो रहे नरेश कुमार, उनकी पत्नी प्रेमवती देवी, पुत्र वासुदेव और पुत्री वंशिका को तमंचे दिखाकर बंधक बनाया। बदमाशों ने परिवार के सदस्यों को जमकर पीटा और घर में रखे 87 हजार रुपये नकद तथा जेवरात लूट लिए।लगभग 40 मिनट तक लूटपाट करने के बाद बदमाशों ने परिवार को कमरे में बंद कर दिया और मौके से फरार हो गए। नरेश कुमार ने खिड़की तोड़कर बाहर निकलकर तत्काल पुलभट्टा पुलिस को सूचना दी।

## शराब पीकर वाहन चलाने पर चार पर कार्रवाई

पिथौरागढ़(आरएनएस)। जनपद में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। थानाध्यक्ष बेरीनाग नरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को वाहन चालक धीरज बोरा व शंकर लाल नशे की हालत में मिले। इधर थानाध्यक्ष गंगोलीहाट कैलाश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में चलाये अभियान के दौरान पुलिस को वाहन चालक महेन्द्र कुमार व भुवन चन्द्र नशे की हालत में मिले। पुलिस ने संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई कर वाहन सीज कर लिया है।

## कमलेश्वर महादेव मंदिर में घृत कमल अनुष्ठान 25 को होगा

श्रीनगर गढ़वाल(आरएनएस)। प्राचीन कमलेश्वर महादेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष होने वाले घृत कमल अनुष्ठान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। इस वर्ष यह आयोजन 25 जनवरी को अचला सप्तमी के दिन होगा। बैकुंठ चतुर्दशी के बाद यह पर्व मंदिर का दूसरा सबसे बड़ा आयोजन है। महंत 108 आशुतोष पुरी ने बताया कि घृत कमल गढ़वाल की सदियों पुरानी परंपरा है। राजकाल में गढ़नरेश की ओर से कमलेश्वर महादेव मंदिर को समर्पित 64 गुंठ गांव इस अनुष्ठान से जुड़े थे। घृत कमल के अवसर पर इन गांवों से अंचला सप्तमी के रूप में गेहूं, मंडुवा, तिल व अन्य अनाज लाए जाते थे। इन्हीं अन्नों से भगवान भोलेनाथ के लिए व्यंजन तैयार कर भोग अर्पित किया जाता था। आज भी उस दौर के पारंपरिक बर्तन मंदिर में सुरक्षित हैं। महंत ने बताया कि यह परंपरा चमोली, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी और देहरादून पांच जिलों के 64 गांवों से जुड़ी रही और 1872 तक निभाई जाती रही।

### सू- दोकू क्र.019

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# रोगों के इलाज में रामबाण सीबक थोर्न रोजगार का भी बनेगा जरिया



पिथौरागढ़(आरएनएस)। वन विभाग ने राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के सहयोग से धारचूला के दूरस्थ गांवों के काश्तकारों को सीबक थोर्न का प्रशिक्षण दिया। गुरुवार को डीएफओ आशुतोष सिंह ने बताया कि बीते दिनों सिरखा, सिरदंग, बूदी व गोठी में काश्तकारों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान काश्तकारों को सीबक थोर्न की कटिंग तैयार करने, नर्सरी बनाने, पौधरोपण के साथ बेरी की प्रोसेसिंग कर पल्प, जूस, पाउडर, तेल, सूखी पत्तियों को तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। डीएफओ ने कहा सीबक थोर्न के उत्पादन को और अधिक बढ़ाने व इसके उत्पादों को एक ब्रांड के रूप में पहचान देने के प्रयास किये जा रहे है। ताकि सीबक थोर्न उत्पादन में क्षेत्र को देश में नई पहचान मिल सकें। प्रशिक्षक भुवन चन्द्र मुरारी, मनोज बिष्ट ने बताया कि वन पंचायतों के स्थानीय काश्तकारों को रोजगार प्रदान करने व क्षेत्र को हर्बल पर्यटन के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से सीबक थोर्न यानि वन चूख के वृक्षारोपण व प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कहा कि व्यास, चौदास व दारमा घाटियों में प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला एक बहुउपयोगी औषधीय वृक्ष है। इस फल में विटामिन ए, ई, सी, ओमेंगा-3, ओमेंगा-7 व ओमेंगा -9 प्रचुर मात्रा में होने से निर्मित उत्पाद से किडनी, हृदय रोग, पाचन तन्त्र कोलेस्ट्रॉल, चमकदार त्वचा व घावों को भरने में रामबाण होता है। यहां वन दरोगा धारचूला जय प्रकाश रौतेला, आनन्द सिंह धामी, वन आरक्षी अरविन्द प्रसाद, संजय गुंज्याल, सूरज कुमार मौजूद रहे।

## बच्चों को निरंतर सीखने के लिए किया प्रेरित

श्रीनगर गढ़वाल(आरएनएस)। नगर के समीप खंदूखाल स्थित एंजेल्स हेवन स्कूल में वसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस) हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक आरपी भट्ट ने कहा कि वसंत पंचमी ज्ञान, विद्या और सृजन का प्रतीक है, जबकि नेताजी का साहस युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। हेड मिस्ट्रेस विभा भट्ट ने बच्चों को संस्कारों को अपनाने और निरंतर सीखने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने नेताजी के अमर नारों से परिसर को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। उत्सव के दौरान आयोजित गणित प्रतियोगिता में मंदाकिनी सदन ने प्रथम, अलकनंदा सदन ने द्वितीय और भागीरथी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## गुलदार की आवाजाही पर वन विभाग सतर्क!

अल्मोड़ा(आरएनएस)। गुलदार की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए वन विभाग ने अल्मोड़ा वन क्षेत्र के झिझाड़, तल्ला किरड़ा, पतनियानैल, भैसोड़ी समेत अन्य गांवों में ग्रामीणों को मानव-वन्यजीव संघर्ष के न्यूनीकरण और बचाव के लिए जागरूक किया। विभागीय टीम ने ग्रामीणों से बातचीत कर सतर्कता बरतने की सलाह दी और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी।

वन क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा और टीम ने जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत आयोजित प्रशासन गांव की ओर शिविर में भी प्रतिभाग किया। इसके साथ ही गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में रात के समय गश्त तेज की गई। गुलदार की आवाजाही की सूचना पर राजस्व पुलिस और भूलेख प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा परिसर में भी रात्रि गश्त की गई। वन विभाग की ओर से वन्यजीव की गतिविधि जानने के लिए लगाए गए कैमरा ट्रैपों की जांच की गई। टीम ने लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और क्या करें, क्या न करें से संबंधित पोस्टर भी चस्पा किए। बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए झिझाड़ क्षेत्र में अतिरिक्त कैमरा ट्रैप लगाया गया है। विभागीय टीम ने रानीधारा सीमेंट कोठी, भैसोड़ी, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, मल्ला जोशी खोला और मटेला में लगाए गए पिंजरों की भी जांच की।

वन विभाग के अनुसार फिलहाल इन क्षेत्रों में गुलदार की कोई ताजा गतिविधि दर्ज नहीं हुई है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे घर, रास्तों और आंगन में पर्याप्त रोशनी रखें और आसपास की झाड़ियां, ऊंची घास तथा खंडहरनुमा स्थानों की सफाई करते रहें। बच्चों को रात में अकेले बाहर न भेजने और सुबह-शाम व रात के समय समूह में निकलने की सलाह भी दी गई है।

# बाइक के लालच में पहले दोस्ती, फिर गला घोंटकर दिनेश की हत्या

रुद्रपुर(आरएनएस)। किच्छा में हुए दिनेश हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बाइक और मोबाइल के लालच में पहले दोस्ती की गई और फिर सुनियोजित तरीके से युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से मृतक की बाइक और मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं।

यह मामला 11 जनवरी को किच्छा क्षेत्र में मिले अज्ञात युवक के शव से जुड़ा था, जिसे पुलिस के लिए एक ब्लाइंड मर्डर केस माना जा रहा था। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने प्रेसवार्ता में बताया कि मृतक की पहचान दिनेश पुत्र रूपलाल निवासी मेथी नवदिया, बरेली (उप्र) के रूप में हुई थी। दिनेश काफी समय से रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप में रहकर नौकरी कर रहा था। जांच में पता चला कि वह नौ जनवरी को अपनी बहन को भोजीपुरा छोड़ने गया था और अगले दिन उसका शव किच्छा में बरामद हुआ। मृतक के भाई वीरेंद्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों, डिजिटल सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच शुरू की। हाईवे पर लगे करीब 300 सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, जिनमें दिनेश दो युवकों के साथ आता-जाता दिखाई दिया।

कैमरों से पहचान के बाद विजय पाल निवासी रसूलपुर, थाना शीशगढ़, जिला बरेली और दीपक मौर्या निवासी मिलक, जिला रामपुर को पूछताछ के लिए किच्छा कोतवाली लाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोन फाइल के सिलसिले में हल्द्वानी से भोजीपुरा गए थे। भोजीपुरा रेलवे स्टेशन के पास शराब की दुकान पर उनकी मुलाकात दिनेश से हुई। दिनेश की महंगी बाइक देखकर उनके मन में लालच आ गया और वहीं पर उसे लूटने व हत्या करने की साजिश रच डाली। दोनों ने दोस्ती का नाटक करते हुए दिनेश को भोजीपुरा से किच्छा तक साथ चलने के लिए मना लिया। रास्ते में अलग-अलग स्थानों पर उसे अधिक शराब पिलाई और सुनसान जगह पर उससे झगड़ा कर मौका पाकर उसका गला घोंट दिया। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को सुनसान जगह पर फेंक दिया और बाइक व मोबाइल लेकर फरार हो गए, ताकि वारदात को लूट का रूप दिया जा सके। एसएसपी ने बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से हल्द्वानी में किराये पर रहकर ठेली लगाते थे। विजय पाल जूस की ठेली और दीपक मौर्या खाने की ठेली लगाकर गुजारा करता था। कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है।




# सीएम ने किया बाल विवाह मुक्ति रथ का फ्लैग ऑफ

हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास से समर्पण सोसाइटी फॉर हेल्थ रिसर्च एंड डेवलपमेंट द्वारा देहरादून में बाल विवाह की रोकथाम के लिए संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ का फ्लैग ऑफ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रथ एक जन-जागरूकता अभियान के रूप में कार्य करेगा, जिसका उद्देश्य दूरस्थ, ग्रामीण एवं उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों तक पहुँच बनाकर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध समयबद्ध, सघन एवं प्रभावी संदेश जन-जन तक पहुँचाना है। यह अभियान 24 जनवरी 2026 से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न गाँवों, शहरी बस्तियों, स्कूलों, पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सामुदायिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, संवाद सत्र, शपथ कार्यक्रम, परामर्श शिविर, तथा जनसंवाद जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी।

इस अवसर पर अध्यक्ष उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण डॉ. गीता खन्ना, समर्पण सोसाइटी के अध्यक्ष विपिन पंवार एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुदकाम दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दून एन्क्लेव शिमला बाईपास निवासी रितेश तिवारी ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी बुलेट मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## मकान का ताला तोड लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोड वहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गूलरघाटी रोड साई एन्क्लेव निवासी कोमल ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गयी थी। आज जब वह वापस आयी तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से जेवरात व नगदी चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## टीएमयू संग आत्मीय रिश्तों को और प्रगाढ़..

पृष्ठ 2 का शेष

उल्लेखनीय है, टीएमयू परिवार का पंजाबी सिंगर सुखविंदर से बरसों पुराना आत्मीय रिश्ता है। दीक्षांत समारोह के रॉक ऑन से लेकर कल्चरल नाइट्स में अपनी जादुई आवाज से महफिल लूट चुके हैं।

उल्लेखनीय है, टीएमयू को अपना ही परिवार एवम् कुलाधिपति सुरेश जैन को अजीम शख्सियत मानने वाले सुखविंदर का यूनिवर्सिटी के संग बरसों से दिली लगाव है। कोविड काल के दौरान 2020 में एक अविस्मरणीय वीडियो जारी करके टीएमयू से अपने अंतरंग रिश्तों को सार्वजनिक कर चुके हैं। टीएमयू हॉस्पिटल को तीर्थ की संज्ञा देते हैं। कह चुके हैं, टीएमयू हॉस्पिटल जैन परिवार के लिए धन कमाने की अपेक्षा जनसेवा का जरिया है। उल्लेखनीय है, हॉस्पिटल के सेवा, संकल्प और समर्पण के बूते यूपी सरकार कोविड काल में प्राइवेट हॉस्पिटल्स में उम्दा इलाज के लिए ए श्रेणी का दर्जा दे चुकी है। मैं यूनिवर्सिटी के भव्य एवम् हरित कैंपस के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हूं। 2019 में एक कंसर्ट में आए तो उन्होंने कुलाधिपति परिवार को मंच पर बुला लिया। कुलाधिपति से गर्मजोशी में गले मिलते हुए बोले, अब मेरा तन-मन और मेरी आवाज खुशियों से लबरेज हो गई है। यह दिली रिश्ता परस्पर है। 2023 में संवृद्धि आए तो गोल्फ कार्ट से सुखविंदर समेत पूरे परिवार ने कैंपस का भ्रमण कराया, जबकि ड्राइविंग सीट की कमान खुद एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने सभांली।

# 77वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों व व्यवस्थाओं का सीडीओ ने लिया जायजा

संवाददाता



देहरादून। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले भव्य समारोह की तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

आज यहां 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले भव्य समारोह की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस राष्ट्रीय पर्व को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े नोडल अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि उन्हें सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ निर्वहन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि परेड ग्राउंड में प्रवेश की अलग अलग व्यवस्थाएं की गई है। गेट संख्या-1 से मुख्य मंच, गंगा एवं अलकनंदा ब्लॉक के पास धारकों का प्रवेश होगा। गेट संख्या-2 से भागीरथी ब्लॉक के पास धारकों का प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। गेट संख्या-3 से परेड दल एवं झांकियों का प्रवेश होगा। गेट संख्या-4 से आसन, टौंस एवं यमुना ब्लॉक के पासधारकों एवं दर्शकों के लिए प्रवेश की व्यवस्था की गई है। गंगा ब्लॉक में मुख्यमंत्री के अतिथिगण, विधायकगण, दायित्वधारी एवं उनके परिवारजन के लिए आरक्षित किया गया है। अलकनंदा ब्लॉक न्यायमूर्ति, न्यायिक अधिकारी, आयोग अध्यक्ष, अधिकारी एवं उनके परिजनों के लिए आरक्षित रहेगा। भागीरथी ब्लॉक में सैन्य अधिकारी एवं उनके परिवारजन बैठेंगे। यमुना ब्लॉक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राज्य आंदोलनकारी एवं उनके परिजनों के लिए व्यवस्था की गई है।

टौंस ब्लॉक प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों के लिए तथा आसन ब्लॉक अन्य अतिथियों के लिए आरक्षित रहेगा। इसके अतिरिक्त दर्शक दीर्घा में जनसामान्य के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी ब्लॉकों में समुचित सीटिंग, पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा। प्रातः 10 बजे परेड दलों की पंक्तिबद्धता एवं परेड कमांडर द्वारा परेड का भार ग्रहण किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 10:20 बजे मुख्यमंत्री तथा 10:28 बजे राज्यपाल का गरिमामय आगमन होगा। ठीक 10:30 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम आगे बढ़ेगा। प्रातः 10:35 बजे से परेड का मार्च पास्ट, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, झांकियों का प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके पश्चात 11:25 बजे पुलिस मेडल वितरण किया जाएगा। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा एवं महानुभावों का प्रस्थान होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार सभी व्यवस्थाओं का समयबद्ध अभ्यास सुनिश्चित किया जाए, ताकि इस राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी न रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी केके मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, एसडीएम सदर हरिगिर, एसडीमए अपूर्वा सिंह, एसडीएम विनोद कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल सहित विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े नोडल अधिकारी उपस्थित थे।


# स्मैक सहित बरेली का तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी में नशा तस्करी करने आये बरेली एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 11 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना श्यामपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर नशीले सामान की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को ध्रुव चैरिटेबल अस्पताल से श्यामपुर जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 11 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र वीरेंद्र गुप्ता, निवासी ग्राम सर्वोदय नगर, थाना सी.बी.गंज, जिला बरेली (उ.प्र.) बताया। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने ली स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की शपथ

संवाददाता




देहरादून। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूण निर्वाचल की शपथ ली गयी।

आज यहां भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में 15 वें 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकासनगर द्वारा पुलिस कार्यालय देहरादून में अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने व स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गयी।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त कार्यालयो /थाना /चौकियों में भी शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे थाना / चौकियों में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा मतदाता दिवस की शपथ ली गई।

# वर्दी घोटाले में डीआईजी संस्पेड



हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

भ्रष्टाचार का यह मामला वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान होमगार्ड्स के लिए वर्दी सामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है, जिसमें टेंडर प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। महानिदेशक, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, देहरादून की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई। महादिनदेशक की संतुति पर सीएम धामी ने डिप्टी कमांडेंट को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा हेतु 154.6 लाख रुपये स्वीकृत



संवाददाता

चम्पावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा हेतु 154.6 लाख रूपये की स्वीकृति देकर प्रथम किश्त के रूप में 61.85 लाख रूपये जारी कर दिये हैं।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा, आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा जनजीवन की रक्षा के लिए निरंतर ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद चम्पावत की टनकपुर तहसील अंतर्गत हुड्डी नदी के बाएं तट पर स्थित ग्राम बमनपुरी में प्रस्तावित बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा 154.63 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## ❑प्रथम किश्त के रूप में 61.85 लाख जारी


यह स्वीकृति क्षेत्र को बार-बार आने वाली बाढ़ से होने वाले संभावित जान-माल के नुकसान से सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा गठित मूल्यांकन एवं विभागीय समिति तथा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में योजना के विस्तृत प्रस्तुतीकरण के उपरांत बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों हेतु कुल 154.63 लाख (एक करोड़ चौवन लाख तिरसठ हजार रुपये मात्र) की स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कुल स्वीकृत धनराशि का 40 प्रतिशत, अर्थात् ध्61.85 लाख (इकसठ लाख पिच्चासी हजार रुपये मात्र) प्रथम किश्त के रूप में व्यय हेतु जारी किया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि उक्त परियोजना के पूर्ण होने से ग्राम बमनपुरी एवं आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को बाढ़ से होने वाले जान-माल के नुकसान से स्थायी सुरक्षा मिलेगी। साथ ही बाढ़ नियंत्रण कार्यों से कृषि भूमि की सुरक्षा, आवागमन में सुगमता तथा स्थानीय नागरिकों के दैनिक जीवन में स्थायित्व और सुधार सुनिश्चित होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आपदा जोखिम न्यूनीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी स्वीकृत परियोजनाओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा, ताकि जनसामान्य को इसका अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

# जल संस्थान की टंकी पर चढ़कर पतंग उड़ाने का वीडियो वायरल

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नगर निगम के वार्ड संख्या 22 में स्थित जल संस्थान की पानी की टंकी पर चढ़कर पतंग उड़ाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तीन युवक पानी की टंकी पर मौजूद हैं, जिनमें से दो युवक टंकी के ऊपर खड़े होकर पतंग उड़ाते नजर आ रहे हैं, जबकि तीसरा युवक नीचे उतरता हुआ दिखाई दे रहा है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो कृष्णा नगर निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपने आईफोन मोबाइल से बनाया गया है, जिसमें दूर से जूम करके पूरी घटना को रिकॉर्ड किया गया है। इस मामले को लेकर वार्ड 22 से पार्षद का चुनाव लड़ चुके अभिमन्यु ने बताया कि उन्होंने इस



## सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल!

संबंध में जल संस्थान के संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी। शिकायत मिलते ही अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को पानी की टंकी से नीचे उतरवा दिया। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना बेहद गंभीर है। आबादी वाले क्षेत्र में स्थित पानी की टंकी पर इस तरह चढ़ना सार्वजनिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। लोगों का कहना है कि यदि कोई असामाजिक तत्व पानी की टंकी में जहरीला पदार्थ डाल दे, तो इससे बड़ी दुर्घटना घट सकती है और कई लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है।

स्थानीय नागरिकों ने जल संस्थान से मांग की है कि पानी की टंकियों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। साथ ही वहां तैनात सुरक्षा कर्मचारियों और आसपास रहने वाले कर्मियों को भी अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## गणतंत्र दिवस से पूर्व एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को दिये निर्देश

# पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था एवं सघन चैकिंग की जाये: एसएसपी

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा सभी थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

दिये गये निर्देशों के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले प्रत्येक समारोह के समय स्थान, आने वाले विशिष्ट व्यक्ति का विवरण अपने पास उपलब्ध रखें साथ ही प्रस्तावित कार्यक्रमों में सम्भावित भीड़ का आंकलन कर प्रभावी पुलिस व्यवस्था की जाये। उन्होने कहा कि महत्वपूर्ण समारोह स्थल का हैण्ड हैंडल्ड मैटल डिटेक्टर से एन्टीसबोटाज चैकिंग की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और थाना क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण संस्थानों/सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था विशेष रूप से सुनिश्चित की जाये ताकि अवांछनीय व समाज विरोधी तत्व गणतन्त्र दिवस समारोह



के अवसर पर किसी प्रकार की तोड़ फोड़ आदि की कार्यवाही न कर सके, उन्होने कहा कि ऐसे स्थानों की पहचान की जाये जहां पर अवांछित व्यक्ति आकर रूक सकते हैं या छिपकर किसी प्रकार की हिंसात्मक गतिविधि को अंजाम सकते हैं। बस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों/सिनेमा घरों/होटलो/कस्बों ढाबों आदि की आकस्मिक रूप से चैकिंग करायी जाये। बम निरोधक दस्ता लगातार राउंड पर रहे साथ ही संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए आमजन को प्रोत्साहित किया जाए।

उन्होने कहा कि अभी से लगातार गणतन्त्र दिवस समारोह के सम्पन्न होने तक संवेदनशील क्षेत्रों में उप निरीक्षक के नेतृत्व में मोबाइल पार्टी नियुक्त करें व जनपद की सीमा पर लगातार 24 घंटे चेकिंग कराए जाए तथा थाना क्षेत्र में निरंतर गैस एवं क्रिकेट को अलर्ट मोड में रखा जाए।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*